शौर्य टाइम्स

प्रो.बीआर सिंह को एयरोबाइक के लिए मिला कामर्शियल पेटेंट!

August 8, 2020

डा.भरत राज सिंह

लखनऊ : स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ (संबद्ध: अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय) के महानिदेशक (तकनीकी) प्रो. भरत राज सिंह को हवा से चलने वाली इंजन (मोटर बाइक) के लिये 10 वर्षों के लगातार प्रयास व विश्व के अनुसंधानों के परीक्षणोपरांत वाणिज्यक उपयोग हेतु पेटेंट भारत सरकार द्वारा जारी कर दिया गया है। डा.भरत राज सिंह से हुई वार्ता से ज्ञात हुआ कि अब वह भारतीय में स्थापित कम्पनियो जैसे बजाज, होंन्डा, रोयल-इन-फील्ड, महिंद्रा व महिंद्रा तथा टाटा आदि से सम्पर्क कर जन-आकांक्षाओ के अनुरूप हवा से चलने वाली मोटर-बाइक को यथाशीघ्र प्रक्षेपित (लांच) कराएंगे। प्रो.सिंह यह भी बता रहे हैं कि उनकी उक्त शोध को विश्वस्तर पर एक बडी उप्लब्धि के रूप में सराहना प्राप्त हुई है। वह इस कार्य हेतु अपनी पत्नी मालती सिह व परिवारीगणो तथा गुरुजनो- डा.ओंकार सिंह व प्रोफ. दुर्ग सिंह चौहान, कुलपति का आभार व्यक्त करते हैं तथा एस.एम.एस. के मुख्यकार्यकारी अधिकारी व समस्त अध्यापकों को धन्यवाद व बधाई प्रदान करते है।